वी.यू. ने राजभवन को सौंपा एक्शन प्लान

महामहिम कुलाधिपति श्री लालजी टण्डन द्वारा मंगलवार को मध्य प्रदेश के समस्त कुलपतियों की वीडियों कांफ्रेसिंग की गयी थीा उक्त बैठक में नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविदयालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी भी उपस्थित थे । बैठक उपरांत महामहिम कुलाधिपति के कार्यालय द्वारा विश्वविदयालय ने प्रथम लॉक डाउन की अवधि में क्या क्या कदम उठायें है, इसकी जानकारी चाही थी । इस संदर्भ में विश्वविदयालय के कुलपति डॉ. तिवारी द्वारा बतलाया गया है कि प्रथम लॉक डाउन अवधि में छात्रों के शिक्षण व्यवस्था हेतु भरसक प्रयास क्रमशरू किये गये है, जैसे २८१ ऑनलाइन इंटरेक्टिव क्लासेस, ०६ वीडियो, १६ ऑडियों लेक्चर, ४१ पी.डी.एफ, ०७ पी.पी.टी. लेक्चर्स, ऑन लाइन क्लासेस की समय सारणी के साथ साथ लॉकडाउन अवधि पश्चात परीक्षा कार्यक्रम अनुमोदित शैक्षेणिक कैलेण्डर अनुसार ही कराया जाने हेतु प्रतिबदधता दिखाई है, विटनरी साइंस की ६ जून, फिशरी साइंस की १ जून एवं स्नातकोत्त्र की परीक्षायें ८ जूलाई, २०२० से प्रारंभ करवाने की कार्य योजना से राजभवन को अवगत करवा दिया गया है ।

साथ ही डॉ. तिवारी द्वारा यह जानकारी दी गयी कि समय समय पर विश्वविदयालय द्वारा सोशल मिडिया के माध्यम से किये जा रहे जागरुकता अभियान से भी राजभवन को निरंतर अवगत करवाया जा रहा है ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविदयालय
जबलपुर